समाचार

# बारिश के बीच शहर के जलभराव क्षेत्रों, निचली बस्तियों का मैराथन दौरा किया आयुक्त ने

## (वर्षा के दौरान बस्तियों में जल ठहराव की स्थिति, नाले व नालियों में जल निकासी पर सतर्क व सजग नजर रखने अधिकारियों को दिए निर्देश)

## (शेल्टर केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता पड़ने पर जल भराव प्रभावित परिवारों को शेल्टर केन्द्रों में सुरक्षित पहुंचाने हेतु त्वरित कदम उठाने के दिए निर्देश)



कोरबा 04 जुलाई 2025 –आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने बारिश के बीच कोरबा शहर की विभिन्न निचली बस्तियों, जलभराव वाले क्षेत्रों का मैराथन दौरा किया, उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्षा के दौरान जल ठहराव की स्थिति पर सजग नजर रखें, सतत मानीटरिंग करते हुए यह सुनिश्चित कराएं कि नाले नालियों से होने वाले जलप्रवाह पर कोई अवरोध पैदा न हों, जहॉ भी जल ठहराव की स्थिति निर्मित होती है, तत्काल जल निकासी

कराएं। उन्होने कहा कि निगम क्षेत्र में स्थापित कराए गए शेल्टर केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहें एवं आवश्यकता पड़ने पर जलभराव से प्रभावित परिवारों को शेल्टर केन्द्रों में सुरक्षित पहुंचाने की त्रुटिरहित व्यवस्था बनाए रखें।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज रिमझिम बारिश के बीच अधिकारियों की टीम के साथ शहर के विभिन्न निचले क्षेत्रों का दौरा किया, उन्होने चिमनीभट्टा, अमरैयापारा, रविशंकर नगर, परशुराम नगर, शारदा विहार, मानिकपुर सहित अन्य बस्तियों का भ्रमण करते हुए वहॉ पर स्थित नालों के जल प्रवाह का जायजा लिया। उन्होने जल प्रवाह के अवरोधों को तत्काल दूर करने, नाले–नालियों पर सतत नजर रखनें व जल निकासी निर्वाध बनाए रखने हेतु समस्त आवश्यक कदम त्वरित रूप से उठाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**शेल्टर केन्द्रों की व्यवस्थाओं की समीक्षा** – यहॉ उल्लेखनीय है कि निगम द्वारा क्षेत्र में मुख्य्य बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों हेतु शेल्टर केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें प्रभावित क्षेत्रवार प्राथ.शाला आ.जा.क. सीतामणी, पूर्व मा. शाला सीतमाणी, पूर्व मा.शाला आ.जा.क. मिशन रोड, प्राथ.माध्य.शाला आ.जा.क. रानी गेट के पास, प्राथ.शाला लालघाट, अंबेडकर स्कूल, प्राथ.शाला जोगियाडेरा, कबीर भवन, सुमेधा स्कूल, एस.ई.सी.एल.स्कूल, शास.प्राथ.शाला प्रेमनगर को सेल्टर केन्द्र बनाया गया है। इसके अतिरिक्त आवश्यकता पड़ने पर प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम को मुख्य्य सेल्टर केन्द्र के रूप में उपयोग किया जा सकेगा। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से चर्चा करते हुए शेल्टर केन्द्रों की व्यवस्थाओं की पुनः समीक्षा की एवं केन्द्रों में व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरूस्त रखने के निर्देश दिए।

**भविष्य के लिए प्रस्ताव बनाएं** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि भविष्य में वर्षा ऋतु के दौरान निगम क्षेत्र में कहीं भी जलभराव की स्थितियॉ न रहें, इसके लिए आवश्यक परीक्षण कर नाले व नालियों के निर्माण व विस्ताार के कार्यो के प्रस्ताव तैयार कराएं ताकि शहर के सभी क्षेत्रों को जलभराव मुक्त क्षेत्र बनाना सुनिश्चित किया जा सके एवं वर्षा ऋतु के दौरान प्रतिवर्ष बस्तियों, सड़कों व मार्गो आदि में होने वाले जल ठहराव व इससे उत्पन्न परिस्थितियों का सामना शहरवासियों को न करना पड़े।

**सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण, कामगारों का भौतिक सत्यापन** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने पं.रविशंकर शुक्ल नगर जोन के मानिकपुर, मुड़ापार, अमरैयापारा, कृष्णानगर, रविशंकर नगर आदि क्षेत्रों में साफ–सफाई कार्यो का औचक निरीक्षण किया, उन्होने वार्डो में पहुंचकर वहॉ पर संलग्न सफाई कामगारों का स्थल पर ही भौतिक सत्यापन कराया। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई कामगारों को आई.डी. पत्र जारी करें एवं प्रत्येक आई.डी. में सफाई कामगार का नाम, वार्ड का नाम, उसके कार्यक्षे की सीमा, सौपे गए दायित्व आदि का उल्लेख किया जाए। उन्होने सफाई कामगारों को निर्धारित ड्रेस व कार्य के दौरान उपयोग होने वाले सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

**शहर की स्वच्छता के साथ कोई कम्प्रोमाईज नहीं** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्पष्ट रूप से कहा कि शहर की स्वच्छता व साफ–सफाई कार्यो में किसी भी प्रकार का कम्प्रोमाईज स्वीकार्य नहीं होगा तथा सफाई कार्यो में कोताही व उदासीनता बरतने वाले सफाई कार्य एजेंसियों एवं निगम के निरीक्षकों, पर्यवेक्षकों की जवाबदारी तय कर कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि सफाई के जो मानदण्ड तय किए गए हैं, उसी के अनुरूप सफाई कार्य हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं।

**दिन में जल रही थी स्ट्रीट लाईट, जिम्मेदार का कटेगा एक दिन का वेतन** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने बस्तियों में भ्रमण के दौरान पाया कि अनेक स्थलों पर दिन को भी स्ट्रीट लाईट जल रही है, इस पर उन्होने गहरी नाराजगी जताते हुए संबंधितों को फटकार लगाई तथा इसके लिए जो अधिकारी कर्मचारी जिमम्‍दार हैं, उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

**डस्टबिन न रखने, अतिक्रमण करने पर लगा अर्थदण्ड** – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत निगम के अमले द्वारा दुकानों, ठेलों में डस्टबिन न रखने, फुटपाथ व सड़क पर पेवर ब्लाक लगाकर अतिक्रमण करने तथा सड़क व फुटपाथ पर अवैध रूप से विज्ञापन बोर्ड स्थापित करने वालों तथा तम्बाखू उत्पादों व अन्य नशीले पदार्थो का विक्रय करने पर लगभग 12 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित कर संबंधितों से जुर्माने की राशि वसूल की।

आयुक्त श्री पाण्डेय के दौरे के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता गोयल सिंह विमल, आकाश अग्रवाल, किरण साहू, स्वच्छता निरीक्षक सचीन्द्र थवाईत आदि के साथ जोन के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।